
# 14 दीप जले

द्वार-द्वार दीप जले,
दीप जले गाँव-गाँव,
बगिया की छाँव-छाँव,
द्वारे पर, आँगन में,
धूम मची ठाँव-ठाँव,
आओ रे ! गाओ रे!
ढोलक पर नीम - तले,
दीप जले - दीप जले
द्वार-द्वार दीप जले।।







नन्हें से दीप ये,
नेह के उजारे हैं।
अमावस के चंदा हैं
राह के सहारे हैं।
रात के समुंदर में,
तारों की नाव चले,
दीप जले - दीप जले।
द्वार-द्वार दीप जले।।



दानव की हार का,

मानव की जीत का।

दीपों का पर्व है,

जन-जन की प्रीति का।

भेदभाव भूलो रे।

आपस में मिलो गले,

दीप जले - दीप जले।

द्वार-द्वार दीप जले।।



| शब्दार्थ | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **नेह** | - | प्रेम | **समुंदर** | - | समुद्र |
| **छाँव** | - | छाया | **ठाँव** | - | जगह |
| **पर्व** | - | त्योहार | **उजारे** | - | उजियारे, प्रकाश |
| **राह** | - | रास्ता | **नीम तले** | - | नीम के पेड़ के नीचे |
| **दानव** | - | राक्षस | **प्रीति** | - | प्यार |

## अभ्यास

**1. अपने बारे में बताइए -**

(क) दीपावली पर्व के अवसर पर आपके घर में क्या-क्या होता है ?

..............................................................................................................

(ख) दीपावली की रात में प्रकाश करने के लिए आप क्या-क्या जलाते हैं ?

..............................................................................................................

(ग) दीपावली में आपके घर में किन देवी-देवता की पूजा की जाती है ? और कब ?

..............................................................................................................

(घ) दीपावली में आप कौन-कौन से पटाखे छोड़ते हैं ?

..........................................................................................................

**2. पाठ से बताइए -**

(क) दीपावली कब मनाई जाती है?

..........................................................................................................

(ख) कविता में दीपक को और क्या-क्या कहा गया है ?

..........................................................................................................

**3. दीपावली के दिन के लिए सही वाक्य के आगे ( √ ) चिह्न तथा गलत वाक्य के आगे ( x ) चिह्न लगाएँ -**

(क) दीपावली अमावस्या की रात मनाई जाती है। (        )

(ख) दीपावली के दिन खूब रंग खेले जाते हैं। (        )

(ग) दीपावली में रात को होलिका जलाई जाती है। (        )

(घ) दीपावली पर्व मनाने से पूर्व घरों की साफ-सफाई की जाती है। (        )

(ङ) दीपावली में लक्ष्मी-गणेश की पूजा की जाती है। (        )

**4. इनके विलोम शब्द लिखें -**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हार | - | ........................ | अमावस्या | - | ...................... |
| प्रकाश | - | ........................ | नन्हा | - | ...................... |
| प्रीति | - | ........................ | दानव | - | ...................... |

**5. इनके समान ध्वनि वाले ( मिलते-जुलते ) शब्द लिखें -**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दीप | - | ..................... | ...................... | ..................... |
| हार | - | ..................... | ...................... | ..................... |
| छाँव | - | ..................... | ...................... | ..................... |
| चंदा | - | ..................... | ...................... | ..................... |
| भाव | - | ..................... | ...................... | ..................... |
| गले | - | ..................... | ...................... | ..................... |

6. दीपावली के दिन कौन-कौन सी मिठाइयाँ तथा पकवान खाये जाते हैं ? उनके नाम रंग, रूप या स्वाद के साथ लिखिए। जैसे - मीठी खीर।

............................ ............................ ............................ ............................

............................ ............................ ............................ ............................

सभी मिठाइयाँ तथा पकवान के नाम संज्ञा के उदाहरण हैं , किन्तु उनके रंग, रूप या स्वाद बताने वाले शब्द विशेषण के उदाहरण होंगे। जैसे-मीठी खीर, में खीर, 'संज्ञा' तथा मीठी, 'विशेषण' के उदाहरण हैं।

7. दीपावली के अतिरिक्त आप और किन-किन प्रमुख त्योहारों के बारे में जानते हैं? उनके नाम लिखिए-

.................................. .................................. ..................................

.................................. .................................. ..................................

.................................. .................................. ..................................

.................................. .................................. ..................................

8. दीपावली पर्व के दिन आपके पिता जी, माँ, भाई और बहन क्या-क्या करते हैं? सूची बनाइए

| पिताजी | माँ | भाई | बहन |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

9. दीपावली के दिन पटाखे छोड़ते समय आप किन-किन बातों का ध्यान रखते हैं?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

10. एक अल्पना का चित्र बनाएँ।